आवश्यक / महत्वपूर्ण
21 जनवरी, 2011 हेतु
संख्या–59 / छः ना0सु0–2011–11 प्रकीर्ण / 02 टी0सी0

प्रेषक,

डॉ0 ललित वर्मा
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1–समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2–समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

गृह (नागरिक सुरक्षा) अनुभाग लखनऊ दिनांकः 13 जनवरी, 2011

विषय–दिनांक–21 जनवरी, 2011 को सभी माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूलों में मॉकड्रिल्स आयोजित कराये जाने विषयक।

महोदय,

भारत सरकार गृह मंत्रालय डी0जी0सी0डी0 (फायर प्रोजेक्ट सेल) के पत्र दिनांक 20.12.2010 द्वारा प्रदेश के समस्त माध्यमिक एवं प्राथमिक विघालयों में दिनांक 21.01.2011 को माकड्रिल्स आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं, इस सम्बंध में शासन स्तर पर नागरिक सुरक्षा निदेशालय, अग्नि शमन, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, एवं राहत आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों के साथ आज दिनांक–13.01.2011 को बैठक की गयी।

बैठक में संबंधित को इस आशय के निर्देश दिये गये हैं कि वे अपने विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को इस आशय के निर्देश निर्गत कर दें कि जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारी, जिलाधिकारी से, समन्वय स्थापित कर निर्धारित तिथि को, जिले के किसी एक स्कूल में (जिसका चयन माध्यमिक / बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्वयं अलग–अलग किया जायेगा) मॉकड्रिल्स का आयोजन सुनिश्चित करायें।

जिला विघालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकितसा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा संगठन, जिला अग्निशमन अधिकारी की समिति गठित कर यह कार्य कराया जाए। जिन जनपदों में नागरिक सुरक्षा संगठन कियाशील नहीं है उन जनपदों के जिलाधिकारी, अपने स्तर से किसी अन्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कर स्कूलों में निर्धारित तिथि को मॉकड्रिल्स का आयोजन सुनिश्चित करायें।

दिनांक 05.01.2011 को लखनऊ जनपद में कराये गये मॉकड्रिल्स से संबंधित सी0डी0 संलग्न कर भेजी जा रही है। कृपया उक्त सी0डी0 के अवलोकनोपरान्त अपने जनपद में भी उक्तानुसार माकड्रिल्स कराने का कष्ट करें। मॉकड्रिल्स से संबंधित सूचनाएं ndma.gov.in पर भी देखी जा सकती है। सी0डी0 केवल सहारनपुर, आगरा, मथुरा, झांसी, मुरादाबाद, इलाहाबाद, कानपुर एवं बरेली जनपद को ही भेजी जा रही है।

कृपया प्रकरण का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करते हुए दिनांक–30.01.2011 तक शासन को एक तथ्यात्मक रिपोर्ट भी भेजने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 ललित वर्मा)
प्रमुख सचिव।

संख्या उपरोक्त तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2– प्रमुख सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3– प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0 शासन।
4– सचिव, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
5– निदेशक, नागरिक सुरक्षा निदेशालय
6– पुलिस उप महानिरीक्षक, अगिनशमन मुख्यालय, इन्दिरा भवन।
7– कमान्डेन्ट, केन्द्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, बक्शीतालाब, लखनऊ
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डॉ0 ललित वर्मा)
प्रमुख सचिव।